एथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल शुरू

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का तीन दिवसीय द्वितीय एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल-2024 का उदघाटन मंगलवार को विश्वविद्यालय के खेल परिसर में हो गया।

कौथिग-2024 के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने प्रतिभाग करने वाली विभिन्न प्रतियोगी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विगत वर्ष से एकैडमिक माहौल के अतिरिक्त इस तरह की खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगित आयोजित करने का उद्देश्य पढ़ाई से ईत्तर भी छात्रों को सकारात्मक प्रतिस्पद्धा की चेतना जगाने के लिए एक्टिविटीज का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। कुलपति ने इस दौरान प्रतिभागी छात्रों का आह्वान किया कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया डिजिटल मूवमेंट के दौरान से गुजर रही है ऐसे में आप सभी को इस तरह की क्टिविटीज में प्रतिभाग कर ऐसे क्षणों को कैप्चर कर अपने लिए भविष्य के लिए यादगार के तौर पर संरक्षित रखने का सुनहरा मौका होता है। तकनीकी विश्वविद्यालय व सम्बद्ध संस्थानों का प्रयास रहता है कि छात्रों के भविष्य को संवारने के हर वो प्रयास किये जायं जो कि उन्हें जीवन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में यादगार साबित हो सके। मंगलवार को छात्र-छात्राओं की टीमों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं हुई। विभिन्न छात्र-छात्राओं की टीमों के मध्य हुई खेल प्रतियोगिताएं जिसमें 100 मीटर की दौड़ में 19 टीमें, 200 मीटर की दौड़ 15 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें दो-दो राउण्ड के खेल हुए। इनमें फाइनल राउण्ड कल बुधवार को खेले जायेंगे। गोला फेंक में छात्रों की 17 टीमें तथा छात्राओं की 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। गोला फेंक में छात्रों की विजेता टीम श्रीदेवभूमि इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, देहरादून की टीम रही तथा जेबीआईटी इंजीनियरिंग कालेज की टीम दूसरा स्थान प्राप्त कर उपविजेता रही।गोविन्द बल्लभ पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट आफ टैक्नोलॉजी, घुडदौड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की गोला फेंक प्रतियोगिता में जीआरडी इंस्टीट्यूट देहरादून की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता व महिला प्रौद्योगिकी संस्थान (डब्ल्यूआईटी) देहरादून की टीम दूसरा स्थान प्राप्त कर उपविजेता रहीं। सोशियों हैकाथॉन में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसका परिणाम बुधवार (आज) घोषित किये जायेंगे। वहीं दूसरी टैक्नीकल क्विज में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया,जिसमें तुलाज इंस्टीट्यूट देहरादून की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रही। दूसरे स्थान- श्रीदेवभूमि इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, देहरादून ने प्राप्त किया तथा आईटी गोपेश्वर की टीम तीसरे स्थान पर रही। युनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में कुल 5 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें गोविन्द बल्लभ पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट आफ टैक्नोलॉजी, घुडदौड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त विजेता रही तथा आरआईटी रुड़की दूसरे स्थान प्राप्त कर उपविजेता रही। बाकी बचे हुई खेल प्रतियोगिताएं कल बुधवार (आज) दूसरे दिन विभिन्न टीमों के मध्य खेली जायेगी। कौथिग-2024 के पहले दिन के दूसरे सत्र में शाम को सांस्कृतिक सध्या के तहत पाण्डवाज बैड के माध्यम से देश की विभिन्न लोक संस्कृतियों विशेषकर उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति के आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समाचार लिखे जाने तक जारी था।

गोद लिये गांव में विकास कार्यों की जानकारी राज्यपाल को दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मंगलवार को ग्राम झाझरा की प्रधान पिंकी देवी ने मुलाकात की। ग्राम पंचायत झाझरा राज्यपाल द्वारा गोद लिया गया ग्राम है। प्रधान

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं: ब.मं.वि.इ./गति शक्ति यूनिट/इज्जत/इलै./04/2024 दि.18.03.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं 1:- कार्य का नाम: अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फर्रूखाबाद व कासगंज में 12 मीटर चौड़े द्वितीय एफ.ओ.बी. के प्रावधान और एफ.ओ.बी. लालकुआं स्टेशन के साथ रूफ प्लाजा के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत रू में:** ₹41,83,884.90, **धरोहर राशि रू में:** ₹83,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 10.04.2024, 11.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: चार माह।